hmt
आज की खबर
ಇಂದಿನ ಸುದ್ದಿ
AAJ KI KHABAR
www.hmtindia.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

*Corporate Communications* | *Vol: XXXIII* | *No.01* | *01 January, 2025*

*Message from CMD's Desk*



Dear HMTians,

On the onset of New Year 2025, I extend warm greetings to all dear HMTians and everyone in your family.
New Year always brings in freshness of a new chapter ready to get opened up ushering in new energy, new resolves and indeed new opportunities.

This is the time to have belief and confidence in the great legacy built over the years by HMT and shaped up by you the HMTians and all those who contributed their bit all through.

I must share that every day I have spent with the Company has been such an enriching and wonderful experience, which honestly, I couldn't imagine coming in here from my parent organisation BHEL. Undoubtedly, whatever little I learned, whatever little I could work out there has been so much helpful in steering HMT Group companies.

We are fortunate to receive continued support from our Hon'ble Minister of Heavy Industries and Steel Sri H.D.Kumaraswamy ji. From the moment we presented Company's profile and the challenges we are confronting; he has been a steady source of guidance. Hon'ble Minister has constituted a high-level revival committee to give us a way ahead. We have already started work with all positivity in that direction.

I also take this opportunity to share with you a few other positive and significant events / achievements of HMT Group during 2024-2025.

i) First time development of TPM Z for IGCAR at MBX.
ii) Commissioning of prestigious 30 Tonnes per day milk powder EPC project at Indore by FPA team.
iii) First time development of a 60 Tonne thread rolling machine at PTH.
iv) Despatch and commissioning of largest VTLs (2.5 M Table diameter) by MTH.
v) HMTI's order for OSDA executed by four Units of MTL: Completion at MTA, and majority of the portion despatched from MTK, PTH and MTP.
vi) HMC 500 SLD by MTP for supply to M/s Gun & Shell Factory (AWNL/OFB) Kolkata.
vii) Order completion for DGNP by MTH (VTL 1600), MTK (Stallion 200 S), MBX (L45 3M) and MTP (VMC 400).

Our Shop production up to Q2 of this year saw a year-on-year increase of nearly 24% and other parameters too would start looking up soon. No doubt, we have a long way to go. I express sincere gratitude to each employee and their family members for their extraordinary contribution and commitment towards the Company.

Employee Unions and Associations need specific mention for their immense cooperation and support to the management in all its initiatives, fostering a collaborative work environment.

Our manpower strength is getting leaner, which needs all of us to work as a team, stay focused, honour commitments with passion & professionalism. I trust, with all honest intentions emerging from our affection for this company, together we shall emerge stronger and convert challenges into opportunities, thereby contributing towards a self-reliant India.

I firmly believe and trust, HMT has the potential to bounce back, revitalise its growth trajectory, provided we focus on our strengths and our collective capability to handle the challenges.

As we step into the New Year 2025, let us be guided by our vision, driven by our passion and inspired by our commitment to excel and effect a change for the Company, for our families, for our Society and for this great Nation. Once again, I extend my best wishes to you and your families for all success, good health, happiness and prosperity in New Year 2025.

I would like to put forth a quote:

***'Challenges are what make life interesting, overcoming them is what makes life meaningful'.***

Wishing you all a meaningful year 2025 ahead full of joy, prosperity and happiness.

***Rajesh Kohli***

आज की खबर
ಇಂದಿನ ಸುದ್ದಿ
www.hmtindia.com
AAJ KI KHABAR

*कॉर्पोरेट संचार* *खंड: XXXIII* *संख्या 01* *01 जनवरी, 2025*

***<u>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की डेस्क से संदेश</u>***



*प्रिय एचएमटी कार्मिकगण*

नववर्ष 2025 के आगमन पर, मैं सभी प्रिय एचएमटी कार्मिकगण और आपके परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। नया साल हमेशा एक नए अध्याय की ताजगी लेकर आता है जो नई ऊर्जा, नए संकल्पों और वास्तव में नए अवसरों की शुरुआत के लिए तैयार है।

यह समय एचएमटी द्वारा वर्षों में निर्मित महान विरासत तथा आप एचएमटी कार्मिकगण तथा इसमें अपना योगदान देने वाले अन्य लोगों द्वारा निर्मित विरासत में विश्वास और भरोसा रखने का है।

मैं यह अवश्य कहना चाहूंगा कि कंपनी के साथ बिताया गया प्रत्येक दिन मेरे लिए एक समृद्ध और अद्भुत अनुभव रहा है, जो ईमानदारी से कहूं तो, मैं अपने मूल संगठन बीएचईएल से यहां आने से पहले कल्पना नहीं कर सकता था। निस्संदेह, जो कुछ भी मैंने सीखा, जो कुछ भी मैं बीएचईएल के लिए कर सका, वह एचएमटी समूह की कंपनियों को चलाने में बहुत मददगार रहा है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमें हमारे माननीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी जी से निरंतर सहयोग मिल रहा है। जिस क्षण से हमने कंपनी की प्रोफ़ाइल और हमारे समक्ष मौजूद चुनौतियों को प्रस्तुत किया, वह मार्गदर्शन का एक निरंतर स्रोत रहे हैं। माननीय मंत्रीजी ने हमें आगे का रास्ता दिखाने के लिए एक उच्च स्तरीय पुनरुद्धार समिति का गठन किया है। हम उस दिशा में पूरी सकारात्मकता के साथ काम शुरू कर चुके हैं। मैं इस अवसर पर 2024-2025 के दौरान एचएमटी समूह की कुछ अन्य सकारात्मक और महत्वपूर्ण घटनाओं/उपलब्धियों को भी आपके साथ साझा करना चाहता हूं।

i. एमबीएक्स में आईजीसीएआर के लिए टीपीएम जेड का पहली बार विकास।
ii. एफपीए टीम द्वारा इंदौर में प्रतिष्ठित 30 टन प्रतिदिन दूध पाउडर ईपीसी परियोजना की कमीशनिंग।
iii. पीटीएच में पहली बार 60 टन थ्रेड रोलिंग मशीन का विकास।
iv. एमटीएच द्वारा वीटीएल (2.5 मीटर टेबल व्यास) का प्रेषण और कमीशनिंग।
v. ओएसडीए के लिए एचएमटीआई का आर्डर एमटीएल की चार इकाइयों द्वारा निष्पादित किया गया: एमटीए में कार्य पूरा हो गया है, तथा अधिकांश भाग एमटीके, पीटीएच और एमटीपी से डिस्पाच कर दिया है।
vi. एमटीपी द्वारा एचएमसी 500 एसएलडी, मेसर्स गन एंड शेल फैक्ट्री कोलकाता को आपूर्ति हेतु।
vii. एमटीएच (VTL 1600), एमटीके (स्टैलियन 200 S), एमबीएक्स (L45 3M) और एमटीपी (VMC 400) द्वारा डीजीएनपी के लिए ऑर्डर पूरा करना।

इस वर्ष की दूसरी तिमाही तक हमारे शॉप उत्पादन में वर्ष-दर-वर्ष लगभग 24% की वृद्धि हुई है एवं हमे आशा है कि अन्य पैरामीटर भी शीघ्र ही बेहतर होने लगेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। मैं कंपनी के प्रति उनके असाधारण योगदान और प्रतिबद्धता के लिए प्रत्येक कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

कर्मचारी यूनियनों और एसोसिएशनों का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने प्रबंधन के सभी प्रयासों में भरपूर सहयोग और समर्थन दिया है, जिससे सहयोगात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला है।

हमारे मानव संसाधन कम होते जा रहे हैं, जिसके लिए हम सभी को एक टीम के रूप में काम करने, केंद्रित रहने, जुनून और व्यावसायिकता के साथ प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि इस कंपनी के प्रति हमारे स्नेह से उत्पन्न ईमानदार इरादों के साथ, हम एक साथ और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे और चुनौतियों को अवसरों में बदलेंगे, एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर होंगे।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि एचएमटी में पुनः उभरने तथा अपने विकास पथ को पुनर्जीवित करने की क्षमता है, बशर्ते हम अपनी शक्तियों तथा चुनौतियों से निपटने की सामूहिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करें।

जैसे हम नए वर्ष 2025 में प्रवेश कर रहे हैं, आइए हम अपने विज़न से निर्देशित हों, अपने जुनून से प्रेरित हों तथा कंपनी, अपने परिवारों, अपने समाज और इस महान राष्ट्र के लिए उत्कृष्टता प्राप्त करने और परिवर्तन लाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित हों। एक बार फिर, मैं आपको और आपके परिवारों को नववर्ष 2025 में सफलता, अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

अंत मैं उद्धरण देना चाहूंगा:

***'चुनौतियाँ जीवन को रोचक बनाती हैं, परन्तु उन पर विजय पाना जीवन को सार्थक बनाता है '।***

आप सभी को आनंद, समृद्धि और खुशहाली से भरे एक सार्थक वर्ष 2025 की शुभकामनाएं।

***राजेश कोहली***